समाचार

# 13 जून को वार्ड क्र. 01,10, 20, 33, 40, 48, 54, 60 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट




कोरबा 12 जून 2021 — छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 13 जून रविवार को वार्ड क्र. 01, 10, 20, 33, 40, 48, 54, 60 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1203 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 53272 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 जून रविवार को वार्ड क्र. 01 पटेलपारा मिशन चर्च के पास, वार्ड क्र. 10 सीतामणी हटरी के पास, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर आरामशीन नूरी मस्जिद के पास, वार्ड क्र. 33 रामपुर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर पार्षद घर के पास स्टेज, वार्ड क्र. 48 इंदिरा नगर सुमेधा आशीष अग्रवाल घर के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 54 जरहाजेल स्कूल एवं वार्ड क्र. 60 धरमपुर सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियां की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।